भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1754#
मंगलवार, 03 अगस्त, 2021/12 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**ईको-पर्यटन को बढ़ावा देना**

**1754# डा. अशोक बाजपेयी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में ईको-पर्यटन की अवधारणा विकसित की है;

(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में देशभर में चिह्नित जिलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकारें ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अपेक्षित सहयोग कर रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा इको पर्यटन को देश में विकास हेतु निश पर्यटन क्षेत्रों में से एक के रूप में अभिज्ञात किया गया हैI

इको पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी हैI तथापि पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता हैI देश में इको पर्यटन के विकास की क्षमता को पहचानते हुए पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत इको पर्यटन को 15 थीमैटिक परिपथो में से एक के रूप में अभिज्ञात किया हैI

स्वदेश दर्शन योजना के तहत परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती हैI राज्य सरकार द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करना और उनकी स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया हैI

स्वदेश दर्शन योजना की इको परिपथ थीम के तहत देश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया हैI

*******

**अनुबंध**

ईको-पर्यटन को बढ़ावा देना के सम्बन्ध में दिनांक 03.08.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1754# के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना की ईको परिपथ थीम के तहत विकास के लिए स्वीकृत की गई परियोजनाओं की सूची**

(करोड़ रु. में)

| राज्य/स्वीकृति वर्ष | विवरण | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| उत्तराखंड (2015-16) | टिहरी झील के चारों ओर टिहरी - चंबा - सराएन में परिपथ का विकास | 69.17 |
| तेलंगाना (2015-16) | महबूबनगर जिला (सोमासिला, सिंगोतम, कदलैवनम, अक्कामहादेवी, ईगलनपंटा, फरहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) में परिपथ का विकास | 91.62 |
| केरल (2015-16) | पथनमथीट्टा - गावी - वागामोन - थेक्काडी का विकास | 76.55 |
| मिजोरम (2016-17) | आइजवाल - रापुईछिप - खावहपहवप - लेंगपुई - दर्तलांग - छतलांग - साकावरमुइतुइतलांग - मुथी - बेरातलवंग - तुरियल एयरफील्ड - हुमुईफांग में इको एडवेंचर परिपथ का विकास | 66.37 |
| मध्य प्रदेश (2017-18) | गांधी सागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बारगी बांध - भेड़ा घाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 94.61 |
| झारखंड (2018-19) | डलमा - चांडिल - गेटतलसुद - बेतला राष्ट्रीय पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 52.72 |

*******